**कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला – जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**
Website – www.gdiscakaltara.in/Email- gdiscakaltara@gmail.com
(महाविद्यालय कोड कमांक – 3003)

---

कमांक/255/स्था./अतिथि व्या./विज्ञापन/2026 — अकलतरा, दिनांक 01.08.2026

**परिशिष्ट 1**

**//अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु संक्षिप्त विज्ञापन का प्रारूप//**

शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में अतिथि कीड़ा अधिकारी/कीड़ा सहायक के रिक्त पद के विरूद्ध खेलकुद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अहर्ताधारी आवेदकों से अतिथि कीड़ा अधिकारी/कीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन **दिनांक 11.08.2026** को सायं 05.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डॉक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट – विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय के वेबसाइट में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

01/8/26
प्राचार्य
शास. डॉ.इन्द्रजीत सिंह महा. अकलतरा
जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Degree College Akaltara
Distt. Janjgir-Champa

Scanned with OKEN Scanner

**कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला – जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**
Website – www.gdiscakaltara.in/Email- gdiscakaltara@gmail.com
(महाविद्यालय कोड क्रमांक – 3003)

---

क्रमांक/256/स्था./अतिथि व्या./विज्ञापन/2026 अकलतरा, दिनांक 01.08.2026

**परिशिष्ट 1 अ**

**//अतिथि व्याख्याता एवं अन्य हेतु विस्तृत विज्ञापन का प्रारूप//**

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक ESTB/23006/2026-O/O ADDITIONAL DIRECTOR नवा रायपुर, दिनांक 17.07.2026 के अनुसार शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में अतिथि क्रीड़ा अधिकरी/क्रीडढ़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ **दिनांक 11.08.2026** को सायं 05.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डॉक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता –**

1. अतिथि क्रीड़ा अधिकरी को कार्य करने के लिये न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत क्रीड़ा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर 55 प्रतिशत अंक होने चाहिएं परन्तु अ.जा./अ.ज.जा. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 अंक होने चाहिएं।
2. आयु सीमा – अतिथि क्रीड़ा अधिकरी/क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।
3. छ.ग. में अतिथि वख्याता भर्ती नियमों के अनुसार यदि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी के दो अभ्यर्थियों के अंक समान होते है तो, राज्य के मूल निवासी को वरीयता दी जायेगी।

**पद का विवरण**

| क्रमांक | पदनाम | रिक्त पद एवं संख्या |
|---|---|---|
| 1 | **अतिथि क्रीड़ा अधिकरी/क्रीड़ा सहायक** | 01 |

टीप – संबंधित विषय में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत् अतिथि क्रीड़ा अधिकरी/क्रीड़ा सहायक की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

**शर्ते :–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम फिल/पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 11.08.2026 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को

Scanned with OKEN Scanner

मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।

3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 21.08.2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाइट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुकम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 22.08.2026 से 25.08.2026 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 31.08.2026 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जा सकेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. मानदेयः–
    - अतिथि कीड़ा अधिकारी 1600/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 40000/–)
    - अतिथि कीड़ा सहायक 1200/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 30000/–)
11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता प्राचार्य, शासकीय डॉ.इन्द्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) पिन 495552 एवं आवेदित विषय/पद आवशयक रुप से लिखे।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि कीड़ा अधिकारी को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कीड़ा/खेलकुद कार्य के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यकम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी कीड़ा कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में विज्ञापित कार्य हेतु पात्र नही होंगे।

प्राचार्य 21/8/26
शास. डॉ.इन्द्रजीत सिंह महा. अकलतरा
जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Degree College Akaltara
Distt. Janjgir-Champa (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner